प्रेस विज्ञप्ति

14 सितम्बर, 2020 को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के मुख्यालय में हिंदी दिवस–2020 का आयोजन किया गया। बल के महानिदेशक डॉ. आनंद प्रकाश माहेश्वरी, भा.पु.से. ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की उक्ति राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना, देश की शीघ्र उन्नति के लिए आवश्यक है, से अपना संबोधन प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने इस देश को न केवल आजादी दिलाई वरन् राष्ट्र–संचालन के लिए एक सम्यक् चिंतन भी प्रदान किया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जिन देशों ने उन्नति की है उनकी अपनी एक भाषा के रूप में भी पहचान बनी है, वे अपनी भाषा में बात करने में गर्व महसूस करते हैं। अपनी भाषा में जो बात की जाती है, उससे जो भाव उत्पन्न होता है वह किसी अन्य भाषा में नहीं होता है। भाषा किसी भी देश की ताकत और उसकी पहचान होती है। भारत एक बहुभाषी राष्ट्र है, किंतु हिंदी भारत की सबसे बड़ी सम्पर्क भाषा है जो कमोबेश देश के हर क्षेत्र में बोली व समझी जाती है। हिंदी की इसी व्यापकता और भारतीय जन–मानस में उसकी गहरी पैठ के कारण इसे राजभाषा का दर्जा दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि आज अनुवाद को सरलीकरण करने पर प्रयास किया जा रहा है जिससे और किसी भी भाषा को लक्षित भाषा में अनुवाद कर सरलता से काम किया जा सकता है।

हिंदी को भारतीय चिंतन और संस्कृति का वाहक भी माना गया है जो देश को एक सूत्र में बांध कर रखती है और जो देश के संपूर्ण विकास के लिए आवश्यक है। डॉ. माहेश्वरी ने कहा कि उनके बल के अंतर्गत राजभाषा नीति स्पष्ट है और उनका यह सतत् प्रयास रहा है कि बल में अधिक से अधिक शासकीय कार्य राजभाषा हिंदी में सरल और बोलचाल की भाषा में किए जाएं। उन्होंने यह भी बताया कि अभी जो कंप्यूटरीकृत प्रणालियां प्रचलित हैं, उनमें भी हिंदी के प्रयोग की समुचित व्यवस्था की गई है।

हिंदी दिवस के अवसर पर उन्होंने सेक्टर राजभाषा रनिंग शील्ड प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले क्रमशः मणिपुर एवं नागालैंड सेक्टर, इम्फाल एवं कोबरा सेक्टर, दिल्ली को राजभाषा रनिंग शील्ड प्रदान की। इसी क्रम में अनुभाग स्तरीय राजभाषा रनिंग शील्ड प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले महानिदेशालय के स्थापना एवं संभरण अनुभाग को राजभाषा रनिंग शील्ड प्रदान की गई।

हिंदी दिवस/पखवाड़ा के दौरान आयोजित हिंदी कार्यशाला, हिंदी टिप्पण/आलेखन व हिंदी टंकण एवं हिंदी व्यवहार प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विजेताओं को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बल के महानिदेशक ने सीआरपीएफ समाचार **"राजभाषा विशेषांक"** का विमोचन भी किया। साथ ही उन्होंने हिंदी दिवस के अवसर पर सीआरपीएफ समाचार, राजभाषा विशेषांक के प्रकाशन के लिए श्री अंशुमान यादव, भा.पु.से., महानिरीक्षक, आसूचना सहित उनकी टीम को भी बधाई दी। सीआरपीएफ समाचार में प्रकाशित कोबरा सेक्टर मुख्यालय के निरीक्षक/मं. डी.के. शर्मा की प्रकाशित कविता की दो पंक्तियां पढ़ते हुए उनको बधाई दी और इस कार्यक्रम को संपन्न कराने में सम्मिलित सभी अधिकारियों और कार्मिकों को भी हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं।

समाचार